# आयुक्त ने साफ–सफाई एवं वार्ड के व्यवस्थाओं का लिए जायजा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक–4 खुर्सीपार अंतर्गत साफ–सफाई व्यवस्था, उद्यान, दुकान, शौचालय सहित केनाल रोड का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने वार्ड 48 के शिव मंदिर के समीप उद्यान का निरीक्षण करते हुए झूला, मंच एवं प्रकाश व्यवस्था संधारण कराने सहायक अभियंता प्रिया करसे को निर्देशित किए है। वार्ड के मोहल्लों एवं बैंक लाईन के साफ–सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया और प्रतिदिन कचरा उठवाने जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी को निर्देशित किए हैं। मोहल्ले के सड़क किनारे पूर्व में पेवर ब्लाक लगाया गया है, जिसमें से कुछ पेवर ब्लाक बीच–बीच में उखड़ गया है, जिसका संधारण कराने निर्देशित किया गया है। स्थानीय निवासी द्वारा नाली पानी के बहाव को लेकर विवाद होने से नाली को बाधित कर दिया गया था, नाली के उपर का अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया गया है। जिससे पानी का बहाव निरंतर हो सके। वार्ड में दुकान संचालकों को दुकान के सामने डस्टबिन रखने को कहा गया है। कुछ दुकानदारों द्वारा अपने दुकान के सामने डस्टबिन रखा गया है। केनाल रोड में दोसा सेंटर चलाया जा रहा है, जिसके पार्किंग एवं भीड़ से रोड एवं आवागमन बाधित हो रही है। सुगम व्यवस्था के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया है। केनाल रोड साइड घर में कोचिंग सेंटर चलाया जाता है, जिसमें लगभग 40 बच्चे पड़ने आते है। पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, मकान व्यवसायिक गतिविधि संचालित करने हेतु उचित नहीं है। उचित व्यवस्था बनाने हेतु कोचिंग संचालक को निर्देशित किया गया है। आयुक्त द्वारा केनाल रोड के समीप सुलभ शौचालय का अवलोकन किया गया। शौचालय में लगाए गए नल की टोटी का चोरी कर लिया गया था। चोरी के समान खरीदने वाले कबाड़ संचालको के उपर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसके लिए जोन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चोरी का समान खरीदने वाले कबाड़ संचालको का पता लगाया जा रहा है। मौके पर शौचालय संचालित करने वाले समूह नहीं पाए गये, जिसको हटाने की कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए है। केनाल रोड से लगा हुआ जोन 04 से निर्माणाधीन उद्यान का निरीक्षण किया गया। उद्यान के भीतर लगाए गए जिम सामग्रियो को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी के उददेश्य से उखाड़ कर जमीन पर रख दिया गया था। जिसका संधारण कर शीध्र लगाए जाने सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया है। केनाल रोड के किनारे भारी वाहन चालकों द्वारा अपना वाहन खड़ा कर दिया गया है, जिसके कारण आवागमन में परेशानी आ रही थी। वाहन चालकों के उपर चालानी कार्यवाही करने सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को निर्देशित किया गया है।

